आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

16.05.2024 समय : 1850

- सरकार ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली इकतालीस दवाओं की कीमतों में कटौती की है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में टेली परामर्श सेवाओं को मजबूती प्रदान करने की दिशा में कदम उठाया गया है।
- नागरिकता—संशोधन अधिनियम दो हजार चौबीस की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण—पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है।
- अबरडीन की लड़ाई में प्राणों की आहूति देने वाले ग्रेट अंडमानियों की स्मृति में कल अबरडीन की लड़ाई स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।
- श्री एस. मुरली ने आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश में समाचार संपादक का पदभार संभाल लिया है।

<><><><><><>

सरकार ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली इकतालीस दवाओं की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आवश्यक दवाओं को सुलभ बनाने के लिए यह निर्णय किया गया है। फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से डीलरों और थोक वितरकों को दें।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में टेली परामर्श सेवाओं को मजबूती प्रदान करने की दिशा में कदम उठाया गया है। ज़िले के ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी के अध्यक्ष ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को टैब का वितरण किया। इससे ई—संजीवनी ऐप के माध्यम से टेली परामर्श सेवाएं देने में आसानी होगी। ग्रामीण जनसंख्या विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को इससे काफी लाभ पहुंचेगा। इस ऐप के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जी बी पंत अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों से मरीजों को जोड़ा जाएगा, ताकि ग्रामीण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और देखभाल के बारे में डॉक्टरों द्वारा सेवाएं दी जा सके। ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी के अध्यक्ष ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से इस सेवा के माध्यम से ज़िले के मरीजों की देखभाल करने और उन्हें सहायता देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

नागरिकता—संशोधन अधिनियम दो हजार चौबीस की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण—पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है। गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने कल नई दिल्ली में चौदह आवेदकों को नागरिकता प्रमाण—पत्र सौंपे। गृह मंत्रालय के अनुसार कई अन्य आवेदकों को डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र ई—मेल के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। ये आवेदन, इक्कतीस दिसम्बर दो हजार चौदह तक भारत में प्रवेश कर चुके पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से प्राप्त हुए थे। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि दशकों का इंतजार समाप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज एनडीए सरकार ने आजादी के समय किया गया वादा पूरा किया। एक समाचार एजेन्सी के साथ बातचीत में श्री शाह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा है।

<><><><><><>

देश की सबसे बडी कौशल प्रतियोगिता–द–इंडिया–स्क्लिस–दो हजार चौबीस कल नई दिल्ली में शुरू हुई। अगले चार दिनों तक इस प्रतियोगिता में तीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नौ सौ से अधिक विद्यार्थी पारम्परिक हस्तशिल्प से लेकर नई तकनीकि तक इकसठ अलग–अलग क्षेत्रों में अपना कौशल दिखायेंगे।

<><><><><><>

अबरडीन की लड़ाई में प्राणों की आहूति देने वाले ग्रेट अंडमानियों की स्मृति में कल जल क्रीड़ा परिसर में अबरडीन की लड़ाई स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यकम का आयोजन किया गया है। उप–राज्यपाल और अन्य गणमान्य लोग कल सुबह नौ बजे अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

<><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद में महिलाओं के लिए एक सीट आरक्षित रखते हुए तीन सदस्यों को नामांकित करने के लिए उप–राज्यपाल को पत्र लिखा है। अपने पत्र में सांसद ने कहा कि नगरपालिका परिषद में तीन पार्षदों को नामांकित करने की प्रथा है। इसे देखते हुए उन्होंने दोनों ज़िला परिषदों में भी इसी तरह की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इससे कामकाज में पारदर्शिता तथा प्रतिनिधित्व भी बढ़ेगी और लिंग, समानता और महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा।

<><><><><><>

श्री एस. मुरली ने आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश में समाचार संपादक का पदभार संभाल लिया है। वे क्षेत्रीय समाचार एकांश के प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्नीस सौ अट्ठानब्बे में डी ए वी पी नई दिल्ली में प्रदर्शनी सहायक के रूप में इन्होंने अपनी सेवाएं आरंभ की। आठ वर्ष बाद पदोन्नति पर इन्होंने वर्ष दो हजार छः में चेन्नई दूरदर्शन केन्द्र में समाचार संपादक का पदभार संभाला। वे वेल्लुर में फील्ड पब्लिसिटी अधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पोर्ट ब्लेयर स्थानांतरण होने से पहले वे वेल्लुर में सी बी सी कार्यालय में तैनात थे।

<><><><><><>

डॉ. एस. राधाकृष्णन ज़िला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान गाराचरमा में उत्तीर्ण हुए सभी प्रशिक्षु शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य शिक्षा संस्थान के प्रधानाचार्य आर. के. सिंह मुख्य अतिथि थे। डाइट की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने उत्तीर्ण हो चुके सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा का सही तरीके से प्रचार–प्रसार करने को कहा। मुख्य अतिथि आर. के. सिंह ने राष्ट्र के निर्माण और विद्यार्थियों को संवारने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए पास हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों से शिक्षा के स्तर को बनाए रखने का अनुरोध किया। इस अवसर पर डी. एल. एड. की वर्ष दो हजार बाईस–चौबीस की टॉपर आदित्री देवी के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाले सी. शाइबा और तीसरे स्थान पर रहने वाले ई. राकेश को सम्मानित किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों में प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। कार्यकम के दौरान सी टी ई टी की परीक्षा में शामिल हुए पचपन प्रशिक्षणार्थियों में से तीस प्रशिक्षणार्थियों के सफल होने पर उन्हें भी शुभकामनाएं दी गई।

<><><><><><>

अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाना द्वारा पांच सौ आठ ग्राम से अधिक नशीले पदार्थ रखने के आरोप में सात लोगों की गिरफ्तारी के बाद डेविड जॉनसन नामक लिलिपुर के लालता मैदान के समीप रहने वाले एक निजी कामगार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की ओर से इस संबंध में जांच जारी है।

<><><><><><>

मालवाहक जहाज एम. वी चुगलुम अट्ठारह मई को शाम तीन बजे चाथम या जंगलीघाट जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा। सभी बंदरगाहों पर माल को उतारने के बाद जलयान अगले गंतव्य की ओर रवाना हो जाएगा। माल चढ़ाने का कार्य कल से आरंभ होगा।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार हर वर्ष असाधारण बहादुरी का योगदान देने वाले बच्चों के अलावा असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को उनके योगदान के लिए दिया जाता है। खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले युवाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। हर वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक पांच वर्ष से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग तक के भारतीय नागरिक, जो भारत में ही निवास करते हैं, वे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन स्वीकार करने के लिए पोर्टल एक अप्रैल से खुल चुकी है। इक्कतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन फार्म स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक बच्चे इसमें आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छब्बीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। बाईस मई तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के कई भागों मे वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। कल का अधिकतम तापमान तैंतीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छब्बीस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

<><><><><><><>